हिंदी दैनिक
नागपुर मेट्रो समाचार
मेट्रो सिटी
नागपुर, मंगलवार, 11 फरवरी 2025

## कोराड़ी पावर प्लांट से चोरी कर भाग रहे 2 आरोपी गिरफ्तार, तीन अन्य फरार

**नागपुर.** कोराड़ी पुलिस ने पॉवरप्लांट महाजेनको कंपनी से लोहे का सामान चोरी करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि उनके तीन अन्य साथी फरार हो गए। फरियादी जयंतकुमार विनायकराव भातकुलकर (41) केही.पी.एस. कॉलोनी निवासी पॉवरप्लांट महाजेनको कंपनी में सुरक्षा अधिकारी हैं. उन्हें 9 फरवरी की सुबह 4:30 बजे सुरक्षा गार्ड शुभम भोसले ने जानकारी दी कि कुछ लोग दोपहिया वाहन पर लोहे का सामान चोरी कर ले जा रहे हैं। जब सुरक्षा कर्मियों ने उन्हें रोकने की कोशिश की, तो आरोपियों ने उन पर पथराव किया। सूचना मिलने पर पुलिस और सुरक्षा अधिकारी मौके पर पहुंचे और कोराडी-पांजरा रोड के पास स्थित आंगनवाड़ी के नजदीक दो आरोपियों को रंगे हाथ पकड़ लिया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान अर्जुन अशोक लष्करे (19) महादुला, कोराडी निवासी और राजु भाऊरावजी बोडके (56) मच्छी मार्केट, कोराडी निवासी के रूप में हुई है।

# शिक्षा महोत्सव से होता है विद्यार्थियों के सुप्त गुणों का विकास

>शिक्षक स्कूल विकास के लिए महत्वपूर्ण कारक हैं- आयुक्त
> शैक्षिक महोत्सव 2024-25 का शानदार समापन

**नागपुर.**

माननीय शिक्षक विधायक सुधाकर अड़बले ने कहा कि विद्यार्थियों में छिपे गुणों को विकसित करने के लिए नागपुर महानगरपालिका द्वारा आयोजित शिक्षा महोत्सव पखवाड़ा विद्यार्थियों के बौद्धिक विकास के लिए बहुत महत्वपूर्ण रहा है। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर निगम आयुक्त एवं प्रशासक डॉ.अभिजीत चौधरी थे। मंच पर अपर आयुक्त आंचल गोयल, शिक्षा अधिकारी साधना सैयाम, सहायक आयुक्त नरेन्द्र बावनकर, क्रीड़ा अधिकारी पीयूष अम्बुलकर, क्रीड़ा नियंत्रण अधिकारी नितिन भोले और अन्य उपस्थित थे। इस अवसर पर शिक्षा महोत्सव के दौरान आयोजित विभिन् सांस्कृतिक खेलकूद एवं अन्य प्रतियोगिताओं में विजयी विद्यार्थियों को पुरस्कार प्रदान किए गए। विद्यार्थियों की प्रतिभा को निखारने के लिए 22 जनवरी से 7 फरवरी तक विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए।

अपने अध्यक्षीय भाषण में नगर आयुक्त एवं प्रशासक डॉ. अभिजीत चौधरी ने कहा,



"शिक्षा महोत्सव के तहत अच्छी गुणवत्ता वाली प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।" 'शैक्षणिक महोत्सव' का उद्देश्य जीतना या हारना नहीं है, बल्कि इसमें सभी की अधिकाधिक भागीदारी है। आयुक्त ने यह भी विश्वास व्यक्त किया कि अगला शिक्षा महोत्सव बेहतर तरीके से आयोजित किया जाएगा। स्कूल विकास में शिक्षक एक महत्वपूर्ण कारक हैं। इसके लिए स्कूलों का मूल्यांकन किया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यालयों के प्रधानाचार्यों और शिक्षकों को नगर निगम द्वारा सम्मानित किया जाएगा। आंचल गोयल ने यह भी कहा कि इस तरह की पहल से विद्यार्थियों के साथ-साथ नगर निगम स्कूल का भी आत्मविश्वास बढ़ेगा। उन्होंने विद्यार्थियों को परीक्षा की तैयारी के लिए शुभकामनाएं भी दीं।

शिक्षा महोत्सव का समापन सोमवार (10 फरवरी) को रेशमबाग स्थित कविवर्य सुरेश भट हॉल में हुआ। कार्यक्रम के प्रारंभ में नगर निगम आयुक्त एवं प्रशासक डॉ. चित्रकला, हस्तशिल्प प्रतियोगिता में उत्कृष्ट चित्रकला मॉडल एवं विज्ञान प्रदर्शनी का उद्घाटन सुरेश भट्ट हॉल स्थित आर्ट गैलरी में अभिजीत चौधरी द्वारा एवं अतिरिक्त आयुक्त श्रीमती आंचल गोयल की उपस्थिति में किया गया।

इस अवसर पर मार्च 2023 व 2024 में 10वीं व 12वीं कक्षा में शाखावार व माध्यमवार प्रथम आने वाले विद्यार्थियों को स्वर्ण सिक्के व 25 हजार रुपये का चेक देकर सम्मानित किया गया। तत्पश्चात बौद्धिक प्रतियोगिता में 6 प्रतियोगिताओं के चयनित 6 विजेताओं को स्वर्ण पदक प्रदान किये गये। कक्षा 6 से 8 तक के सांस्कृतिक प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक तथा विद्यालय को स्मृति चिन्ह (5 मी.) प्रदान किया गया।

खो-खो खेल प्रतियोगिता (बालक/बालिका) के विजेता संजयनगर माध्यमिक विद्यालय को स्वर्ण पदक एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया।

नगर निगम नेताजी मार्केट हिंदी माध्यमिक विद्यालय की छात्रा चंचल धपाड़े ने संभाग स्तरीय शालेय तलवारबाजी खेल प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक जीता। इस समय उनकी प्रशंसा की गई।

पारडी मराठी उच्च प्राथमिक विद्यालय की हिना कोल्ते को राष्ट्रीय स्तर पर फुटबॉल में चयनित होने पर सम्मानित किया गया। यूनेस्को द्वारा वैश्विक स्तर पर आयोजित चित्रकला प्रतियोगिता में पुरस्कार जीतने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया।



महाराष्ट्र के उपाध्यक्ष मुफ्ती मोहम्मद हारुन नदवी का सत्कार जमीयत उलेमा ने किया इस अवसर पर हाफिज मसूद, अतीक कुरेशी, बिलाल अंसारी, शाहबाज अख्तर, शारिक जमाल, नबील फैज, आदि उपस्थित थे।

## परीक्षा में विज़ुअलाइज़ेशन तकनीकों का उपयोग करें: पुलिस आयुक्त

**नागपुर.**



नागपुर पुलिस कमिश्नर डॉ. रवींद्र सिंघल ने बारहवीं कक्षा के विद्यार्थियों को पत्र लिखकर उनका मनोबल बढ़ाने का प्रयास किया है. उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'परीक्षा पे चर्चा' कार्यक्रम की तर्ज पर छात्रों को महत्वपूर्ण मार्गदर्शन किया है. डॉ. सिंगल छात्रों को परीक्षा के तनाव से राहत के लिए विज़ुअलाइज़ेशन तकनीकों का उपयोग करने की सलाह देते हैं। उन्होंने कहा कि परीक्षा के दौरान कुछ भी याद न रहना सामान्य बात है और इसका मतलब यह नहीं है कि तैयारी अपर्याप्त है. यदि आप तनाव महसूस करते हैं, तो गहरी सांस लें और अपनी क्षमताओं का एहसास करें।

उन्होंने छात्रों से अपनी आंखें बंद करने और परीक्षा हॉल में एक सकारात्मक दृश्य की कल्पना करने को कहा - आत्मविश्वास के साथ प्रवेश करें, शांति से प्रश्न पत्र पढ़ें और उत्तर लिखें। इस सकारात्मक सोच से मनोबल बढ़ता है और परीक्षा प्रदर्शन में सुधार होता है।पुलिस कमिश्नर ने अभिभावकों को भी अहम संदेश दिया है. उन्होंने कहा कि परीक्षा जीवन का एक पड़ाव है, अंतिम परिणाम नहीं। स्कूली जीवन में औसत रहने वाले कई लोगों ने बड़ी सफलता हासिल की है। आज के समय में विभिन्न अवसर उपलब्ध हैं और हर किसी की क्षमताएं अलग-अलग होती हैं। इसलिए उन्होंने बच्चों से अपील की कि वे उन पर अतिरिक्त दबाव डाले बिना अपना आत्मविश्वास बढ़ाएं और उन्हें समझें।

## दिनदहाड़े सेंधमारी कर चोरों ने उड़ाया 3.96 लाख का माल

**नागपुर.**



मानकापुर थाना क्षेत्र में एक बंद घर को निशाना बनाकर अज्ञात चोरों ने लाखों रुपये के गहने और नकदी चोरी कर ली। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार फरियादी कपिल अशीक साखलवार (30) अनुभूति नगर, मानकापुर निवासी अपने परिवार के साथ 8 फरवरी दोपहर 4 बजे से 9 फरवरी रात 7:30 बजे के बीच एक शादी समारोह के लिए हिंगणघाट गए थे। इस दौरान अज्ञात चोरों ने उनके घर का ताला तोड़कर भीतर प्रवेश किया और बेडरूम में रखी अलमारी से 3,500 रुपये नकद और सोने-चांदी के आभूषणों सहित कुल 3,96,000 रुपये का सामान चुरा लिया।

इस घटना की जानकारी मिलते ही फिर्यादी ने मानकापुर पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस उपनिरीक्षक अमोल कांबळे ने अज्ञात चोरों के खिलाफ चोरी के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस अब आरोपियों की तलाश में जुटी हुई है और क्षेत्र के सीसीटीवी फुटेज की जांच कर रही है।

## शहर में घूमता तड़ीपार अपराधी गिरफ्तार

**नागपुर.**

वाडी पुलिस ने तड़ीपार आरोपी को पुलिस थाना क्षेत्र में घूमते हुए गिरफ्तार किया। यह कार्रवाई सोमवार, 10 फरवरी 2025 को दोपहर 3:40 बजे के करीब की गई। पुलिस की पेट्रोलिंग टीम को गुप्त सूचना मिली थी कि आठवां मैल, रामजी आंबेडकर नगर, समाज भवन के पास एक तड़ीपार अपराधी मौजूद है। सूचना के आधार पर पुलिस जब मौके पर पहुंची तो आरोपी पुलिस को देखकर भागने लगा। लेकिन पुलिस टीम ने जाल बिछाकर उसे पकड़ लिया।

गिरफ्तार आरोपी की पहचान शुभम उर्फ चुंदरी गणेश सावदे (23), आठवां मैल, रामजी आंबेडकर नगर, वाडी निवासी के रूप में हुई है। जांच में सामने आया कि पुलिस उपायुक्त, परिमंडल-1 के आदेश पर उसे 12 नवंबर 2024 से दो साल के लिए नागपुर शहर और नागपुर ग्रामीण क्षेत्र से तड़ीपार किया गया था।

बावजूद इसके, आरोपी बिना अनुमति के वाडी क्षेत्र में घूमते हुए मिला,जिस पर पुलिस थाना वाडी में पुलिस उपनिरीक्षक निकिता कोठे की शिकायत पर महाराष्ट्र पुलिस अधिनियम की धारा 142 के तहत मामला दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया गया। आगे की जांच जारी है।

## हिंगना पुलिस ने दो आरोपियों को फिर से किया गिरफ्तार

**नागपुर.**

हिंगना पुलिस ने लूट की वारदात को अंजाम देने वाले दो शातिर अपराधियों को फिर से गिरफ्तार किया है। घटना 20 जनवरी 2025 की रात 9 बजे की है, जब प्रकाश माखनलाल बेटेकर (18) गोंडखैरी, कलमेश्वर निवासी अपने काम से लॉजिस्टिक पार्क, गोंडखैरी बायपास रिंग रोड से जा रहे थे। इसी दौरान एक सफेद रंग की मोपेड पर आए दो लड़कों और एक लड़की ने उन्हें रोककर उनका मोबाइल फोन जबरन छीन लिया और फरार हो गए। पीड़ित अपने जरूरी काम से बाहर गए थे, इसलिए उन्होंने 10 फरवरी 2025 को हिंगणा पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई।



पहले भी पकड़े जा चुके हैं आरोपी

पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों – सोमेश रविंद्र धवराळे (19 ) वैशाली नगर, एम.आई.डी.सी. निवासी और कुंजन विनोदसिंग परीहार (22) निवासी सरोजिनी नगर, ईसासनी, एम.आई.डी.सी., को गिरफ्तार किया। इन पर भारतीय न्याय संहिता की धारा 309(4), 3(5) के तहत मामला दर्ज किया गया है। इस मामले में उनकी नाबालिग़ साथी को भी पुलिस ने आरोपी बनाया है। गौरतलब है कि ये दोनों आरोपी पहले भी 25 जनवरी 2025 को हिंगणा क्षेत्र में जबरन चोरी के मामले में गिरफ्तार हो चुके थे। पुलिस ने इनके कब्जे से लूटा गया मोबाइल फोन बरामद कर लिया था, जो पहले की चोरी में ज़ब्त किया गया था।दोनों आरोपियों को पुनः गिरफ्तार कर आगे की जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस यह भी जांच कर रही है कि इनके साथ अपराध में शामिल अन्य लोग तो नहीं हैं।

## तेज रफ्तार कार पुल की दीवार से टकराई

**नागपुर.** हिंगणा थाना क्षेत्र के वर्धा मार्ग पर बंद टोल नाके के पास एक दर्दनाक हादसा हुआ जिसमें तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर सुरक्षा दीवार से टकरा गई। इस भीषण सड़क हादसे में चालक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। यह हादसा 9 फरवरी को दोपहर 2:40 बजे वर्धा-नागपुर रोड पर बंद टोल नाका के पास हुआ। जीवन विजय कोंडावार (23), वासुदेव नगर, हिंगणा रोड निवासी अपने मित्र सौरभ प्रमोद बेलसरे (25), पारडसिंगा, तहसील काटोल निवासी के साथ फिएट कार में वर्धा से नागपुर की तरफ आ रहे थे। रास्ते में चालक विपन कोंडावार ने कार को तेज गति और लापरवाही से चलाया, जिससे वाहन से नियंत्रण खो बैठा और कार डोंगरगांव के पास बंद टोल नाके के सामने एक छोटे से पुल की सुरक्षा दीवार से टकरा गई।

स्थानीय लोगों ने तत्काल दोनों को अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने जीवन कोंडावार को मृत घोषित कर दिया। घायल सौरभ बेलसरे का इलाज विवेकानंद अस्पताल में चल रहा है। इस घटना की शिकायत प्रतीक आनंदराव रंगारी (31) शुभम अपार्टमेंट, मनीष नगर, बेलतरोड़ी निवासी ने दर्ज कराई। हिंगणा पुलिस ने धारा 281, 106(1), 125(ब) भारतीय न्याय संहिता और धारा 184 मोटर वाहन अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है। आगे की जांच पुलिस अधिकारी वानखेडे द्वारा की जा रही है।

## हाईफाई चोर का खेल खत्म

> शादी समारोह में सूट-बूट पहनकर चोरी करता था
> आरोपी भोपाल से गिरफ्तार

**नागपुर.**

पुलिस ने एक स्टाइलिश चोर को गिरफ्तार किया है. आरोपी रजनीकांत चाणोरे (24, निवासी भंडारा) शादी समारोहों में सूट-बूट पहनता था और महंगे मोबाइल फोन से स्टाइलिश दिखकर लोगों को प्रभावित करता था। चोरी से पहले, वह इलाके में एक महंगा फ्लैट किराए पर लेता था और एक हफ्ते तक घर की जासूसी करता था।



हुडकेश्वर पुलिस ने सौ से ज्यादा सीसीटीवी फुटेज का अध्ययन करने के बाद आरोपी को भोपाल से गिरफ्तार किया. 24 दिसंबर 2024 को उसने सुरेश सरोदे की बेटी की शादी से 1.03 लाख रुपये के गहने चुराए थे. आरोपी के खिलाफ छत्तीसगढ़, चंद्रपुर, भंडारा और हुडकेश्वर इलाके में कुल 20 चोरी के मामले दर्ज हैं।

अनपढ़ रजनीकांत के परिवार की आर्थिक स्थिति खराब है, उनके माता-पिता खेत मजदूर हैं। लेकिन अच्छा बनने के नाम पर उसने चोरी का रास्ता चुना. उसने चोरी के पैसों से कारें, महंगे मोबाइल, ब्रांडेड कपड़े खरीदे। साथ ही ऑनलाइन जुए, जिम और महंगे प्रोटीन पाउडर पर भी पैसा खर्च करता था।

पुलिस ने उसके पास से 10 लाख रुपये कीमत का 130 ग्राम सोना, एक कार, एक दोपहिया वाहन, एक मोबाइल फोन जिसकी कीमत कुल 17.90 लाख रुपये है, जब्त किया है. आरोपी चोरी के पैसों से अपनी गर्लफ्रेंड को महंगे कपड़े, मोबाइल फोन और अन्य चीजें खरीदकर देता था। उसे यह कहकर शादी का प्रलोभन दिया गया कि उसका अपना व्यवसाय है, लेकिन बाद में पता चला कि वह सिर्फ उसके पैसों से मौज कर रही है।

## कुख्यात गुंडे 'दत्त्या' पर लगा एमपीडीए

**नागपुर.** शहर पुलिस आयुक्त डॉ रविंद्र सिंगल द्वारा कुख्यात गुंडे अभिषेक उर्फ दत्त्या राजेंद्र सिंह (22) के खिलाफ एमपीडीए के तहत कार्रवाई करने के आदेश जारी किया है। उसे गिरफ्तार कर जेल रवाना किया गया है। दत्त्या के खिलाफ पांचपावली, जरीपटका, सदर, कोराड़ी और कपिलनगर पुलिस थानों में हत्या, हत्या का प्रयास, गंभीर रूप से घायल करने, अवैध हथियार रखने, जबरन घर में घुसने, संपत्ति को नुकसान पहुंचाने, दंगे करने, धमकी देने और शांति भंग करने जैसे कई संगीन अपराध दर्ज हैं। इससे पहले भी दत्त्या पर 2018, 2020 और 2023 में प्रतिबंधात्मक कार्रवाई हो चुकी है, लेकिन उसने अपराध करना जारी रखा। 2021 और 2023 में उसे दो बार एम.पी.डी.ए. एक्ट के तहत जेल भेजा गया था, लेकिन जेल से छूटने के बाद भी उसने आपराधिक गतिविधियां जारी रखीं। हाल ही में उसने कपिलनगर थाना क्षेत्र में फिर से हमले, जबरन घर में घुसने और जान से मारने की धमकी जैसे अपराध किए थे । जिसके चलते हैं उसके खिलाफ एमपीडीए के तहत कार्रवाई करने का प्रस्ताव क्राइम ब्रांच के पास भेजा गया था। पुलिस आयुक्त द्वारा उसे धुले की कारागृह में भेजने के आदेश जारी किए हैं। फिलहाल उसे गिरफ्तार कर नागपुर मध्यवर्ती कारागृह में रखा गया है।

## विदर्भ ने बनाई बढ़त,आदित्य ठाकरे ने झटके पांच विकेट

> तमिलनाडु की स्थिति नाजुक

**नागपुर.**

तेज गेंदबाज आदित्य ठाकरे के शानदार पांच विकेट की बदौलत विदर्भ ने रणजी ट्रॉफी क्वार्टर फाइनल के तीसरे दिन तमिलनाडु पर पहली पारी में 128 रनो की बढ़त बना ली है मैच के तीसरे दिन खेल समाप्ति पर में विदर्भ ने पांच विकेट खोकर169 रन बना लिए है नागपुर के वीसीए के सिविल लाइंस स्थित स्टेडियम में खेले जा रहे पांच दिवसीय रणजी ट्रॉफी क्वार्टर फाइनल में विदर्भ तमिलनाडु के खिलाफ बढ़त बना ली है

तीसरे दिन का खेल समाप्त होने पर, विदर्भ ने अपनी दूसरी पारी में 169/5 रन बनाए थे, और पांच विकेट शेष रहते 297 रनों की कुल बढ़त हासिल कर ली है

यश राठौड़ (55*) और हर्ष दुबे (29*) रन बनाकर क्रीज पर मौजूद है दोनों ने अब तक छठे विकेट के लिए 55 रन जोड़े हैं, जिससे विदर्भ मजबूत स्थिति मे है।



### संक्षिप्त स्कोर, तीसरे दिन खेल समाप्ति पर

- विदर्भ की पहली पारी 121.1 ओवर में 353 रन (ध्रुव शौरी 26, दानिश मालेवार 75, अक्षय वाडकर 24, करुण नायर 122, हर्ष दुबे 69; सोनू यादव 3/91, विजय शंकर 3/75)
- तमिलनाडु की पहली पारी 64.3 ओवर में 225 (आंद्रे सिद्दार्थ 65, प्रदोष रंजन पॉल 48, सोनू यादव 32; आदित्य ठाकरे 5/34, नचिकेत भूटे 2/54, यश ठाकुर 2/78)
- विदर्भ दूसरी पारी 169/5 (करुण नायर 29, यश राठौड़ 55 बल्लेबाजी, हर्ष दुबे 29 बल्लेबाजी; साई किशोर 2/47)
- फिलहाल विदर्भ 297 रनों की बढ़त।

विदर्भ की दूसरी पारी में मजबूती के साथ-साथ प्रवाह की भी कमी थी। और इससे भी बदतर यह हुआ कि वे नियमित अंतराल पर विकेट खोते रहे। अथव तायडे (19), ध्रुव शौरी (20) और करुण नायर (29) सभी ने शुरुआत की, लेकिन वे आगे नहीं बढ़ पाए। दानिश मालेवार (0) और कप्तान अक्षय वाडकर (8) सस्ते में आउट हो गए, लेकिन दुबे और राठौड़ ने आत्मविश्वास के साथ बल्लेबाजी करके ड्रेसिंग रूम में माहौल को शांत किया और दिन को समाप्त किया।

इससे पहले, विदर्भ के तेज गेंदबाज आदित्य ठाकरे ने पांच विकेट (5/34) लिए और उनके साथी तेज गेंदबाज यश ठाकुर और नचिकेत भूटे ने दो-दो विकेट लेकर तमिलनाडु को 225 रन पर समेट दिया। प्रदोष रंजन पॉल (48) और सोनू यादव (32) को छोड़कर तमिलनाडु का कोई भी बल्लेबाज ज्यादा देर तक टिककर प्रभाव नहीं छोड़ सका।

पहली पारी में 128 रनों की बढ़त विदर्भ के लिए बहुत काम आई, जो गेंद को हिट करने से पहले अधिक से अधिक रन जोड़ना चाहेगा।




CMYK

# जल-साक्षरता कार्यक्रम को प्राथमिक पाठ्यक्रम में शामिल करने की आवश्यकता

**कोंढाली.**



प्रगतीशील किसान तथा काटोल कृषी उत्पन्न बाजार समिती के संचालक,कृषि मित्र दिनेश ठाकरे और किसान दुर्गा प्रसाद पांडे ने राय व्यक्त की है कि जलसाक्षरता अभियान/कार्यक्रम/पढ़ाई/प्राथमिक स्कूल स्तर से ही शुरू किया जाना चाहिए, ताकि विभिन्न उपयोगकर्ताओं के बीच जल उपयोग के आर्थिक महत्व के बारे में जागरूकता पैदा की जा सके। स्थानीय विधायक चरण सिंह ठाकुर ने भी उम्मीद जताई है कि यह विषय महत्वपूर्ण है.

इस विषय को सरकार स्तर पर चर्चा की जा सकती है.। जिले के काटोल/नरखेड तहसील में जल संरक्षण कार्य प्राथमिकता के आधार पर किए जाना चाहिए. विगत वर्षों में इस क्षेत्र में भूजल स्तर बढ़ाने के लिये करोड़ों का खर्च किया गया फिर भी जल स्तर ना बढ़ाने केंद्र सरकार ने इन क्षेत्रों को डार्क जोन घोषित कर दिया है। जहां सिंचाई प्रयोजनों के लिए जल आपूर्ति पर्याप्त और अनियमित है, वहां पूर्ण हो चुकी बड़ी और मध्यम परियोजनाओं के क्षेत्राधिकार में जल संरक्षण कार्य (ग्रामीण तालाब में लिकेजेस, और कोल्हापुर प्रकार के बांधों के निर्माण में भ्रष्टाचार के चलते यह क्षेत्र और डार्क झोन में बढोतरी हो रही है) । जल संरक्षण गतिविधियों और विधियाँ बेहतर जल संरक्षण और उन्नत जल बचत के लिए उपयोग की जाने वाली विधियों और रणनीतियों की सूची निम्नलिखित है। ड्रिप सिंचाई, ज़री सिंचाई, बोरवेल के लिए वर्षा जल संचयन, कृषि तालाब, गैबियन घाट, जल निकासी खाई / जल निकासी खाई निर्माण, गांव के तालाब, वन तालाब, बांध / अवर्गीकृत मलबा, घाटों की जांच, रिसाव तालाब, भूमिगत घाट, कोल्हापुर प्रकार के तटबंध, निरंतर समोच्च खाइयां, वनरोपण और चारागाह भूमि विकास, धारा / नाली तट स्थिरीकरण, इन सभी उपायों पर करोड़ों रुपये खर्च करने के बावजूद, काटोल / नरखेड तालुका के आधे से अधिक गांव अभी भी डार्क जोन में हैं। इसका कारण अधिकारियों/कर्मचारियों के बीच आम सहमति का अभाव है।

### गांव गांव तलाव अभियान चलाया जाए

अब सरकार द्वारा जल साक्षरता अभियान पर एन जिओ के माध्यम से करोडो रुपये खर्च करने के बाजाय गांव गांव शाश्वत जल सिंचन विकास के लिये गांव गांव तालाब अभियान चलाया जाय. साथ ही जल साक्षरता अभियान सफल बनाने के लिये जल साक्षरता अभियान कार्यक्रम की के पढाई प्राथमिक विद्यालय से महाविद्यालयों में अनिवार्य किया जाए यह दिनेश ठाकरे तथा दुर्गा प्रसाद पांडे द्वारा दोहराई गयी है.

# वॉइस ऑफ किशोर कुमार से सम्मानित प्रदीप गायगोले का अभिनंदन किया गया

**कामठी.**



व्हॉईस ऑफ किशोर कुमार से सम्मानित कामठी पंचायत समिति के सेवानिवृत बीडीओ प्रदीप गायगोले को अभिनंदन का तांता लगा हुआ है। ज्ञात हो कि लोम्स इंडिया नागपुर की ओर से पार्श्वगायक स्व. किशोरकुमार के पुण्यतिथि के अवसर पर व्हॉईस ऑफ किशोरकुमार स्पर्धा लोम्स ऑडोटोरीयम नागपुर में आयोजीत की गई थी। इस स्पर्धा में कुल 46 प्रतिस्पर्धियों ने भाग लिया था। जिसमें से 10 स्पर्धाओं का चयन किया गया था। रेशमबाग स्थित कविवर्य सुरेश भट सभागृह में अंतिम फेरी निर्णयात्मक स्पर्धा के लिए गुरुवार 6 फरवरी को 10 चयनित स्पर्धाओं में से तीन प्रतिस्पर्धियों चयन किया गया।

जिसमें कामठी पंचायत समिति के सेवानिवृत गट विकास अधिकारी (बीडीओ) प्रदीप गायगोले को सेलिब्रिटी सिंगर शिवा मोहोड़, एंबेसेडर सिंगर अनूप कांबले, लोम्स इंडिया नागपुर के चीफ प्रमोटर एस. रामानंद के हस्ते मोमेंटो, प्रमाणपत्र धनादेश प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस उपलब्धि पर कामठी तालुका पत्रकार संघ ने के अलावा कमिश्नर ऑफिस के डेप्युटी सीईओ गुणवंत खोब्रागड़े, एचपीसीएल के डेप्युटी मैनेजर राजेश शेंडे, रेलवे की डीएमएस माधवी एस. नायर, सोमलवार स्कूल की रेखा सरदार, रिलायंस के दीप गायगोले, भिवापुर के बीडीओ डॉ. चेतन जाधव, एड. राम एस. लांबट, एड. युवराज हुमणे, वायसीएल के विराग राज गायगोले, वीडीओ कोराडी सुनील इचे, कामठी पंचायत समिति ईओपी पी. गावंडे, सुरेखा एस. बंसोड़, राजू काले, प्रवीण डुकरे, हरीश डोफे, विश्वास सलामे, चंद्रप्रकाश बनमारे, एसई समुद्रपुर राजेश कोचे, जी.एस. स्नेहा ठाकरे, उज्वल रायबोले सहित अन्य गणमान्यों ने अभिनंदन व्यक्त किया है।

# विश्वकर्मा जयंती संपन्न

## शिव महापुराण अमृत कथा में शिव और पार्वती के विवाह का प्रसंग

**सावनेर.**



विश्वकर्मा मंदिर में श्री चतुर्भुज शिव ब्रह्म लिंग की जलधारा प्रतिमा के रूप में प्राण प्रतिष्ठित किया गया। श्री प्रभु विश्वकर्मा जयंती के अवसर पर 3 फरवरी से 10 फरवरी तक श्री शिव महापुराण अमृत कथा का आयोजन किया गया। व्यासपीठ आचार्य गुरुवर्य ह.भ.प.अनिल महाराज आहेर के मुखारविंद से शिव कथा का महत्व समझाया जा रहा है। 8 फरवरी को एकादशी के दिन शिव-पार्वती के विवाहोत्सव के उपलक्ष्य में ढोल-नगाड़ों के साथ बारात निकाली गई। शाम 7.30 बजे हजारों श्रद्धालुओं की उपस्थिति में मंगलाष्टक का पाठ किया गया। फूलों की वर्षा के साथ विवाह समारोह सम्पन्न हुआ।

हर जगह उत्साह का माहौल था। विवाह समारोह के बाद सभी को जलपान वितरित किया गया। सोमवार को प्रातः 7 बजे श्री प्रभु विश्वकर्मा का अभिषेक हुआ ।

पालकी यात्रा प्रातः 9 बजे निकलेगी। दोपहर 12 से 3 बजे तक कीर्तन वादक प.पू. गुरुवर्य ह.भ.पू.अनिल महाराज अहेर, नागपुर द्वारा संध्या कीर्तन प्रस्तुत किया जाएगा। कीर्तन के तुरंत बाद शाम 4 से 9 बजे तक महाप्रसाद का वितरण किया जाएगा, जिसके साथ कार्यक्रम का समापन होगा। आयोजक पी. ने अधिक से अधिक श्रद्धालुओं से कीर्तन का लाभ उठाने की अपील की है। यह गुरु श्री सेनाद महाराज एवं श्री प्रभु विश्वकर्मा विकास मंडल सावनेर द्वारा किया गया है।

# संत ऋषि बाबा मंदिर का भूमिपूजन संपन्न



**खापा.** नागपुर जिले के सावनेर तहसील के ग्राम नंदापुर में संत ऋषि बाबा का मंदिर नागपुर जिले में प्रसिद्ध है। इस मंदिर में हर साल ऋषि पंचमी पर एक बड़ी यात्रा आयोजित की जाती है.लेकिन यह मंदिर छोटा होने के कारण भविष्य में आने वाले भक्तों को काफी दिक्कत होती थी। इस मंदिर का भूमिपूजन सामाजिक कार्यकर्ता दिलीप बंसोड़ ने किया।

अध्यक्ष राजेश धोटे थे। इस बार मुख्य रूप से सरपंच मनोज बंसोड़, गुंडेराव ढोबले. आनंदराव चौधरी. विनायक ढोबले. मारुती नागठाणे, अशोक मुरकुटे, महादेव धंदरे, तुलसीदास पाटिल, दिवाकर ढोके,प्रफुल्ल मुरकुटे, रोशन येलेकर,पुरुषोत्तम नागपुरकर, गंगाधर वानखड़े, अनिल येलेकर,ज्ञानेश्वर नागपुरकर तथा ग्राम के नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# न्यू प्रेरणा कॉन्वेंट में बच्चों ने की प्रस्तुति

**नागपुर.**




न्यू प्रेरणा कॉन्वेंट टाकलघाट में वार्षिक सम्मेलन मे बच्चों ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुति पेश किया। इस स्नेह सम्मेलन के अध्यक्ष बीएसएफ के चीफ कमांडर मा .सुखदेव सिंह ने अपने विचार रखते हुए कहा की, हमे भी बचपन की याद आती है की, हम जब स्टेज मे जाते थे तो एक प्रकार का डर मन मे रहता था। आगे कहा की शिक्षा का उद्देश्य बच्चों को सिर्फ किताबी ज्ञान देना और परीक्षा लेना ही नहीं बल्कि जब बच्चा अपने माता-पिता तथा अपने घर के परिचित दायरे से निकलकर पाठशाला के नए अपरिचित और अनुशासनबद्ध वातावरण में प्रवेश करना है, तो उसके मन में एक शिक्षक का और स्कूल का भय होता है। वार्षिक स्नेह सम्मेलन लेने का उद्देश्य यानी विद्यार्थियों को भय से मुक्ति दिलाकर उनके सामर्थ्य जीवन की और भविष्य का नया बालक बनाने की नींव और वार्षिक स्नेह सम्मेलन लेने से बच्चों में स्टेज डेअरींग और माइंड डेवलपिंग जलद गती से निर्माण होती है।

एनवल फंक्शन रखने की वजह से बालकों मे शिक्षा के प्रति रूचि निर्माण होती है और उसके साथ साथ बालक अपने मानसिक तणाव से मुक्त होता है ईस तरह के विचार अध्यक्ष ने कहा! इस कार्यक्रम के अध्यक्ष बीएसएफ के चीफ कमांडर सेनानायक सुखदेव सिंह, उद्घाटक टाकलघाट के सरपंच सौ. शारदा नाना शिंगारे, मुख्य अतिथि माझी उपसभापति हरिचंद अवचट, उपसरपंच उमेश कावले, ग्रामपंचायत सदस्य चंद्रकांत कावले, सदस्य, कोमल कटरे, सौ. मेश्राम साथ फाउंडेशन के अध्यक्ष प्रयाग डोंगरे, संस्थापक गणेश सोनटक्के, हृद्यनाथ सोनटक्के, पायल दुधे,अक्षय सोनटक्के, अमोल दूढे, प्रमिला सोनटक्के, मुख्याध्यापिका रीता चौधरी पत्रकार नासिर हुसैन, गुड्डू पालीवाल, नितीन कुरई, चंदू बोरकर, मुख्यधापिका रीता चौधरी, रमन राखुडे,संदीप बलवीर, अमोल माथुरकर, इंद्रपाल मूल, संघा भगत, पुंडलिक गोटेकर, अमर सालोडकर, रवि लोखंडे ,शिवा नागदेवते इस वार्षिक सम्मेलन में मुख्य अतिथि तौर पर उपस्थित थे। बच्चों ने एक से बढ़कर एक पटनाट्य ,डांस और थोर महापुरुष के आधार पर देशभक्ति के अलग-अलग रोल करके गांव वासियों को मोहित कर डाला इस कार्यक्रम में पास्ता पिक एचएम सौ. रीता चौधरी ने किया और संचालन सौ. श्वेता लोनारे, वैशाली झापे, आभार रंजना कांबले ने किया। इस कार्यक्रम को यशस्वी करने के लिए मनस्वी बावने, सुजाता लोखड़े, कोमल झोले,रोशनी पसारे, कांचन रहागडाले, उषा लोखंडे, मोनाली सूर्यवंशी, सोनाली गेडाम, रेवंता पटले ,सपना पेटकर कल्पना महाजन, और रूपाली म्हस्के का योगदान रहा.

# हाई प्रोफाइल जुआ अड्डे पर छापेमारी

> 59 लाख का माल जब्त

**रामटेक.**

निवासी महेश बरगट के द्वारा संचालित इस हाई प्रोफाइल जुआ अड्डे को लेकर सावनेर उपविभागीय पुलिस अधिकारी सहित खापा, केलवद के संयुक्त टीम द्वारा की गई कार्रवाई में पुलिस ने 27 जुआरियों सहित दो लाख 99 नगदी जब्त किया गया है.

इस कार्यवाही में कुल 11 चारपहिया वाहन आदि को मिलाकर कुल 59 लाख 16 हजार 190 रुपए का माल जब्त किया गया है.जिले के देवलापार थाना अंतर्गत आने वाले मुकनापुर गांव के पास स्थित एक पोल्ट्री फार्म में चल रहे हाई प्रोफाइल जुआ अड्डे पर सावनेर उपविभागीय पुलिस अधिकारी ने छापामार कार्रवाई में 59 लाख से अधिक का माल जब्त कर 27 जुआरियों को गिरफ्तार किया है. ज्ञात हो कि ग्रामीण पुलिस अधीक्षक डॉ हर्ष पोद्दार के मार्गदर्शन में हुई. इस कार्रवाई के बाद देवलापार थानेदार एवं बीट इंचार्ज के स्थानांतरण की चर्चा जोरों पर चल रही है.



# 27वीं राज्यस्तरीय कामगार लोकनृत्य स्पर्धा का नांदेड़ में चयन

**नागपुर.**



महाराष्ट्र कामगार कल्याण मंडल द्वारा ललित कला भवन, इंदोरा, नागपुर में आयोजित लोकनृत्य स्पर्धा में युथ कला निकेतन (रंगशाला ग्रुप) संघ ने चिटकोरा लोकनृत्य प्रस्तुत कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसके साथ ही संघ का चयन 14 फरवरी 2025 को नांदेड के ललित कला भवन, लेबर कॉलोनी में आयोजित होने वाली 27वीं राज्यस्तरीय लोकनृत्य स्पर्धा के लिए हुआ है।

इस प्रतियोगिता में गुरु-शिष्य परंपरा के तहत संस्थापक और नृत्य गुरु सुरेश घोरे के निर्देशन में मीनाक्षी काकडे, वैष्णवी गोडे, निधि नागोसे, पुर्वा राऊत, यशस्वी चांदेकर, वंशिका नागोसे, तेजस्विनी कोंबे, मयूरी गिरणतवार, तृप्ती काकडे, अक्षद घोरे, पवन हांडे, अभिषेक घोरे, प्रफुल सूर्यवंशी, जितेंद्र गजभीये, विनोद बावने, टोमन कुवर, नरेश डेकाटे जैसे कलाकारों ने भाग लिया।

इसके साथ ही लोकनृत्य को वाद्यवृंद में अनिल गुरव (ढोल), पंडित तिरपूड़े (बासरी), उत्कर्ष घोरे (टिमकी) और भावना धात्रक (गायन) ने सहयोग दिया। पुरस्कार वितरण कार्यक्रम में प्रमुख अतिथि ज्ञानेश्वर रक्षक और कामगार कल्याण अधिकारी (गट क्र. 1) प्रतिभा भाकरे और कांचन वाणी ने विजेता संघ को पुरस्कार प्रदान किया।

युथ कला निकेतन (रंगशाला ग्रुप) के सदस्य अशोक येळणे, राजू योरे, प्रमोद डेकाटे, डॉ. प्रतिभा वैरागडे, राजू गोडे, ममता महीन्द्रकर, रंजना बोरकर, सुनील राखड़े, भास्कर अतकरी ने विजेता संघ का अभिनंदन किया.

# शिक्षणोत्सव से विद्यार्थियों के सुप्त गुणों का होगा विकास

**नागपुर.**

नागपुर महानगरपालिका द्वारा आयोजित 'शिक्षणोत्सव 2024-25' का समापन रेशिमबाग स्थित कविवर्य सुरेश भट सभागृह में हुआ। इस अवसर पर माननीय शिक्षक और विधायक श्री सुधाकर अडबाले मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता मनपा आयुक्त डॉ. अभिजीत चौधरी ने की।समारोह में विद्यार्थियों के कलात्मक और बौद्धिक विकास के लिए विभिन्न सांस्कृतिक, खेल और बौद्धिक प्रतियोगिताएं आयोजित की गई थीं, जिनमें विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए गए। 'शिक्षणोत्सव 2024-25' का उद्देश्य विद्यार्थियों के सुप्त गुणों का विकास करना था, और कार्यक्रम में भाग लेने वाले सभी विद्यार्थियों को विजेता माना गया।विधायक सुधाकर अडबाले ने कहा कि नए शैक्षिक नीति के तहत विद्यार्थियों के कलात्मक और अन्य सुप्त गुणों का बेहतर विकास होगा। उन्होंने विद्यार्थियों को कठिन मेहनत की अहमियत बताई और कहा कि अच्छा मार्गदर्शन मिलने से वे उत्कृष्ट विद्यार्थी बन सकते हैं। विद्यार्थियों को गोल्ड कॉइन और 25,000 रुपये का धनादेश देकर उनका सम्मान किया गया. उसके बाद, बौद्धिक प्रतियोगिता की 6 प्रतियोगिताओं में से चयनित 6 विजेताओं को गोल्ड मेडल दिया गया।मनपा आयुक्त डॉ. अभिजीत चौधरी ने कहा कि 'शिक्षणोत्सव' का उद्देश्य सिर्फ जीत-हार नहीं, बल्कि विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास है। उन्होंने विश्वास जताया कि आने वाले समय में और भी बेहतर तरीके से शिक्षणोत्सव आयोजित किया जाएगा और शैक्षिक गुणवत्ता में सुधार होगा। अतिरिक्त आयुक्त आंचल गोयल ने बताया कि पिछले एक साल में शालाओं में कई सुधार किए गए हैं, जैसे कि डिजिटल क्लासरूम, नए खेल और संगीत शिक्षक की नियुक्ति, और शैक्षिक सर्वेक्षण। इन सुधारों से शालाओं में नई ऊर्जा का संचार हुआ है और इससे विद्यार्थियों के आत्मविश्वास में वृद्धि हुई है. समारोह में विजेताओं को गोल्ड मेडल, पुरस्कार और प्रमाणपत्र प्रदान किए गए। विद्यार्थियों को प्रोत्साहन देने के लिए चित्रकला, हस्तकला और विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन भी किया गया था। शिक्षणोत्सव के समापन पर विद्यार्थियों, शिक्षकों और शाला प्रशासन के योगदान को सराहा गया, और भविष्य में इस तरह के और कार्यक्रम आयोजित करने का आश्वासन दिया गया।

### बौद्धिक, सांस्कृतिक और खेल स्पर्धाओं के विजेताओं का सम्मान

बौद्धिक स्पर्धा के 6 विजेताओं को गोल्ड मेडल, सांस्कृतिक स्पर्धा के कक्षा 6 से 8 तक के प्रथम स्थान प्राप्त छात्रों को गोल्ड मेडल और स्कूल को मोमेंटो प्रदान किया गया। खेल स्पर्धाओं में संजय नगर माध्यमिक विद्यालय को खो-खो प्रतियोगिता (लड़के/लड़कियां) के विजेताओं को गोल्ड मेडल और सम्मान चिन्ह दिया गया। तलवारबाजी प्रतियोगिता में कु. चंचल धापड़े को कांस्य पदक प्राप्त हुआ। पारडी मराठी उच्च प्राथमिक स्कूल में राष्ट्रीय स्तर पर फुटबॉल खेल में हिना कोलते की चयन के लिए सम्मानित किया गया। इसके अलावा, यूनेस्को द्वारा आयोजित चित्रकला प्रतियोगिता के पुरस्कार विजेताओं का भी सम्मान हुआ।

# ट्रक ने मारी मोटरसाइकिल को टक्कर

## > युवक की मौत, एक गंभीर, चौराहे पर पुलिसकर्मी की मांग

**उमरेड.**

उमरेड शहर के व्यस्तम बाईपास चौक में रविवार की सुबह करीब 9 बजे के दौरान ट्रक की चपेट में दोपहिया आने से एक युवक की मौत हो गई। वहीं दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी के अनुसार रितेश गुरुदेव वानखेड़े (30) बाबदेव, मौदा निवासी अपने मित्र दिनेश संतलाल कुंभरे (30) मध्य प्रदेश निवासी के साथ बाइक क्रमांक एमएच-40, एच- 2209 से चोरवीरा से भिसी मार्ग, उमरेड होते हुए बाबदेव लौट रहे थे। इस बीच कोयला से लदे ट्रक क्रमांक एमएच-40, बीएल- 8103 भिसी मार्ग से आते हुए बायपास चौक से नागपुर की ओर मुड़ रहा था। बाइक चालक भी उसी दिशा में नागपुर की ओर मुड़ रहा था। अचानक बाइक फिसल जाने से ट्रक के नीचे आ गई। हादसे में बाइक चालक रितेश की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं पीछे बैठा दिनेश गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना मिलते ही उमरेड थाने के पुलिस उपनिरीक्षक सुरेश धवराड़, पुलिस कर्मी उमेश माहुर्ले, राजन भोयर के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। पंचनामा कर दोनों घायलों को उमरेड के ग्रामीण अस्पताल पहुंचाया गया। जहां प्राथमिक जांच में ही डॉक्टरों ने रितेश को मृत घोषित कर दिया। आगे की जांच उमरेड पुलिस कर रही है। नगर का मुख्य चौराहा होने से रोजाना यहां बड़े पैमाने पर ट्रैफिक रहता है। बताया जा रहा है कि, चौराहे पर यातायात कर्मी नहीं होने से वाहन चालक मनमानी तरीके से गाड़ियां चलाते रहते हैं। जिसकी वजह से क्षेत्र में सड़क हादसों की संख्या बढ़ रही है। चौक पर सिग्नल की व्यवस्था के साथ ही नियमित रूप से यातायात कर्मी तैनात करने की मांग नागरिकों ने की हैं, ताकि भविष्य में किसी बड़ी अनहोनी को टाला जा सके।

### चौक के सीसीटीवी बंद

शहर की सुरक्षा व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए बायपास चौक पर लगाए गए सीसीटीवी कई दिनों से बंद पड़े हुए हैं। नगर पालिका प्रशासन इस कार्य को गंभीरता से नहीं ले रही है। इससे शहर की सुरक्षा पर प्रश्न चिन्ह लग रहा है।

### फ्लाईओवर बनाने की मांग

नगर में बढ़ते यातायात व वाहनों की संख्या को देखते हुए बाबा सावजी चौक से लेकर वनश्री बाहर तक फ्लाईओवर बनाने की मांग की जा रही है।

# अंतरराष्ट्रीय कराटे प्रतियोगिता में नागपुर के खिलाड़ियों ने जीते पदक




**नागपुर.**

8वीं अंतरराष्ट्रीय कराटे प्रतियोगिता 1 और 2 फरवरी को आंध्र प्रदेश के विशाखापट्टनम में आयोजित की गई थी। इस प्रतियोगिता में भूटान नेपाल, श्रीलंका, बांग्लादेश अफगानिस्तान, मलेशिया, नाइजीरिया और यूनाइटेड किंगडम जैसे कई देशों ने भाग लिया। टी। इस प्रतियोगिता में एस शोटोकन कराटे एसोसिएशन ऑफ इंडिया के 6 एथलीटों ने हिस्सा लिया और शानदार प्रदर्शन किया, जिसमें 10 साल से कम उम्र के लड़के और लड़कियों के काता में झांसिका सांकले ने स्वर्ण पदक जीता। आरव कुकड़े ने काटा में स्वर्ण और कुमाइट में स्वर्ण पदक जीता। ऋषभ झा ने काता में गोल्ड और कुमिते में गोल्ड जीता, रिद्धि खरवार ने काता में गोल्ड और कुमिते में गोल्ड जीता। 14 वर्ष से कम आयु के बालक एवं बालिका वर्ग में ओम घाडगे ने काता में रजत पदक तथा कुमिते में स्वर्ण पदक, धन्यश्री सतीश ने जीता।

## निधन वार्ता

निधन समाचार के निःशुल्क प्रकाशन हेतु संपर्क करे हमे ई-मेल करे ngpms2019@gmail.com

### महावीर प्रसाद त्रिवेदी



**सावनेर.** भालेराव हाईस्कूल सावनेर के पूर्व प्राचार्य एवं वयोवृद्ध वरिष्ठ पत्रकार महावीर प्रसाद त्रिवेदी का 10 को सुबह 8.20 बजे निधन हो गया। परमपिता उनके पावन आत्मा को शांति प्रदान करें.

### सुशीलादेवी बिजवाड़िया (शर्मा)



**नागपुर.** सुशीलादेवी बिजवाड़िया (शर्मा) कार्पोरेशन कालोनी अंबाझरी रोड, नागपुर निवासी का सोमवार को सुबह 8 बजे निधन हो गया। वे 85 वर्ष की थी। उनकी अंतिम यात्रा आज दोपहर 12 बजे उनके निवास से अंबाझरी दहन घाट के लिए निकलेगी।

# जिले में स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने की कोशिश करेंगे : भोयर

## > कैंसर डायग्नोस्टिक वैन, डे केयर केमोथेरेपी सेंटर का लोकार्पण

**वर्धा.**

सरकार हर नागरिक के स्वास्थ्य को बनाए रखने और सही समय पर अच्छा और मुफ्त उपचार प्राप्त करने की कोशिश कर रही है। राज्य मंत्री (ग्रामीण), आवास, स्कूल शिक्षा, सहयोग और राज्य के खनन और जिले के अभिभावक मंत्री डॉ.पंकज भोयर ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग इस नैदानिक वैन के माध्यम से कैंसर का निदान करने के लिए एक बड़ी मदद करेगा। वे कैंसर डायग्नोस्टिक वैन, द डे केयर कीमोथेरेपी सेंटर और डिजिटल हैंड एक्सपीरियंस मशीन का उद्घाटन समारोह में किया.



वह जनरल अस्पताल में कैंसर डायग्नोस्टिक वैन, डे केयर कीमोथेरेपी सेंटर और डिजिटल हैंड एक्सपीरियंस मशीन के उद्घाटन के समय बोल रहे थे। कार्यक्रम को स्वास्थ्य सेवा नागपुर के उप निदेशक डॉ. शशिकांत शंभरकर, उप निदेशक डॉ. गवई, जिला सर्जन डॉ. सुमंत वाघ, जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.आर.जे.पराडकर, अतिरिक्त स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नलिनी विखे, अतिरिक्त जिला सर्जन डॉ. अनिल वानखेड़े, डॉ. वंजारी मौजूद थे. भोयर ने कहा की, प्राइवेट अस्पताल जैसे सरकारी अस्पताल में भी सुविधा बनाने के लिए और अस्पताल को मजबूत करने के लिए एक प्रस्ताव सरकार को प्रस्तुत करेंगे. स्वास्थ्य विभागों को उन सुविधाओं का निर्माण करना चाहिए जो रोगियों को प्रसन्न कर रहे हैं।

### उपचार की सुविधा 5 लाख रुपये तक प्रदान की जा रही

केंद्र सरकार की आयुष्मान योजना के तहत, उपचार की सुविधा 5 लाख रुपये तक प्रदान की जा रही है। इसके लिए, जिले के अधिकतम नागरिकों को आयुष्मान कार्ड निकालना जरूरी है. वर्तमान में, गैर -संचारी रोगों की व्यापकता में वृद्धि हुई है.और कैंसर, उच्च दबाव, मधुमेह जैसे रोगियों में काफी वृद्धि हुई है और मृत्यु दर में वृद्धि हुई है। राज्य सरकार ने नागपुर डिवीजन के लिए वर्धा के लिए एक कैंसर डायग्नोस्टिक वैन प्रदान की है और यह वैन कैंसर के निदान में मदद करेगी, ऐसा डॉ. शशिकांत शंभरकर ने इस समय कहा. कार्यक्रम में बड़ी संख्या में अधिकारी और सामान्य अस्पताल के कर्मचारी मौजूद थे।

# सोनू उर्फ प्रदीप आर्य को सम्मानित किया गया

**वर्धा.**

वर्धा के महात्मा लॉन में वॉइस ऑफ मीडिया वर्धा जिला द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में हिंगणघाट के पत्रकार सोनू उर्फ प्रदीप आर्य को सर्वश्रेष्ठ पत्रकार के रूप में सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हे पिछले 15 वर्षों से पत्रकारिता के क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए दिया गया। वॉयस ऑफ मीडिया वर्धा जिला द्वारा पत्रकार कार्यशाला एवं स्नेह मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता वॉइस ऑफ मीडिया के संस्थापक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप काले ने की कार्यक्रम में भारत के प्रसिद्ध वरिष्ठ पत्रकार अशोक वानखेड़े, वरिष्ठ विचारक वेंकटेश जोशी, अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त वृक्षमित्र बालासाहेब पानसरे और अन्य गणमान्य उपस्थित थे। कार्यक्रम में जिले के उत्कृष्ट पत्रकार को शॉल, श्रीफल और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर हिंगणघाट के पत्रकार सोनू उर्फ प्रदीप आर्य के कार्य की दखल लेते हुए वॉइस आफ मीडिया वर्धा जिला द्वारा सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें भारत के वरिष्ठ एवं प्रख्यात पत्रकार अशोक वानखेड़े ने शॉल, श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह देकर प्रदान किया। इस सम्मान पर हिंगणघाट के पत्रकारों ने उन्हें बधाई दी है।





# चुनाव में संदीप प्र. देवगिरकर अध्यक्ष चुने गए

**हिंगणघाट.**

अधिवक्ता संघ की नई कार्यकारिणी का चुनाव 7 फरवरी, 2025 को हुआ। इस चुनाव में संदीप प्र. देवगिरकर अध्यक्ष पद के लिए विजय हुये है. इस चुनाव में अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव, संयुक्त सचिव, कोषाध्यक्ष एवं पुस्तकालय अध्यक्ष पदों के लिए चुनाव प्रक्रिया आयोजित की गई। अधिवक्ता संघ हिंगणघाट की नई कार्यकारिणी का चुनाव मतदान के माध्यम से हुआ और इस चुनाव में संदीप देवगिरकर अपने विरोधी उम्मीदवारों को हराकर अधिवक्ता संघ हिंगणघाट के अध्यक्ष चुने गए। देवेंद्र गमे को उपाध्यक्ष और विजय ढेकले को सहसचिव चुना गया। इस चुनाव में महिला अधिवक्ता सारिका दाभाड़े भी संयुक्त सचिव पद पर निर्वाचित हुईं।

दीपक कुलजले को कोषाध्यक्ष और विजय जोशी को पुस्तकालयाध्यक्ष चुना गया। बार एसोसिएशन की कार्यकारी समिति का चुनाव चुनाव प्रक्रिया के माध्यम से किया गया तथा उन्हो तुरन्त अपना कारभार संभाल लिया। सभी स्तरों से सम्पूर्ण निर्वाचित कार्यकारिणी को बधाई दी जा रही है।

# बहु उद्देशीय संस्था द्वारा जिला स्तरीय शतरंज और आर्चरी प्रतियोगिता संपन्न

**वर्धा.**

स्थानीय वैष्णवी बहुउद्देशीय संस्था देवली और संस्कार बहुउद्देशीय संस्था पिपरी मेघे वर्धा द्वारा 9/2/25 को आर्चरी और शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन क्रीडा संकुल मैदान पर किया गया था। इस प्रतियोगिता में जिला नियोजन अधिकारी अनिरुद्ध राजुरकर मौजूद थे।

जिला नियोजन अधिकारी अनिरुद्ध राजुरवार ने कहा कि किसी भी क्षेत्र में कोई प्रतियोगिता होने से ही जिद और दृढ़ता निर्माण होती है. टूर्नामेंट के अवसर पर उत्तराखंड में 35 वें राष्ट्रीय वॉलीबॉल खेल टूर्नामेंट के लिए राष्ट्रीय पंच के रूप में प्राचार्य नितिन घोडे का चयन होने से उनको भी सम्मानित किया गया। वर्धा शहर में पहली बार इसका आयोजन होने से राज्य मंत्री और अभिभावक मंत्री डॉ. पंकज भोयर ने खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया. आर्चरी खेल के लिए प्रतीक्षा पाटील, संजय पुरके, दीपक बावने, अथर्व कुरकडे, संदीप ढगे ने जबकि अक्षय मेश्राम, ओम बेदुरकर, कोपुलवार सर, रूपल शाह ने शतरंज खेल के लिए कड़ी मेहनत की। इस कार्यक्रम को जिला नियोजन अधिकारी अनिरुद्ध राजुरकर, क्रीडा अधिकारी अनिल निमगडे, राज्य क्रीडा मार्गदर्शक भोजराज चौधरी, प्रा.नितीन घोडे, प्रा. नदीम शेख, दीपक वनवे मौजूद थे।



आर्चरी का पहला पुरस्कार आर्वी की तनुजा उत्तम कोरडे ने जीता. जबकि दूसरा पुरस्कार वर्धा के ओम नवलसिंग चव्हाण व तीसरा पुरस्कार हिंगणघाट की ख़ुशी देवगिकर ने प्राप्त किया. इन सभी खिलाड़ियों को सम्मान चिन्ह,प्रमाणपत्र और नकद पुरस्कार के साथ सम्मानित किया गया।

इसी तरह, शतरंज प्रतियोगिता में जिला स्तर खेल में पहला पुरस्कार पारितोष बावणकर ने जीता, जबकि दूसरा पुरस्कार खुशाल काटवले और साहिल भोयर ने तीसरा पुरस्कार जीता। इन सभी खिलाड़ियों को सम्मान चिन्ह, प्रमाणपत्र और नकद पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इस आर्चरी और शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन डॉ. पंकज भोयर राज्य मंत्री और अभिभावक मंत्री वर्धा और राजेश बकाने विधायक देवली, पुलगांव के मार्गदर्शन में किया गया था। टूर्नामेंट का सुत्रसंचालन नितेश झाडे ने किया. परिचयात्मक राज्य खेल और युवा पुरस्कारार्थी सारंग रघाटाटे ने किया. जबकि रवींद्र काकडे ने आभार व्यक्त किये. इस स्पर्धा के लिए रवींद्र काकडे, याग्नीक बोकडे, अशोक बेडेकर, ग्यानेश्वर टेकाम, भोजराज चौधरी ने सहकार्य किया.

# इंस्टाग्राम पोस्ट को लेकर 17 वर्षीय युवक की हत्या

**हिंगनघाट.**



तहसील के पिंपलगांव में इंस्टाग्राम विवाद को लेकर 21 वर्षीय युवक की चाकू घोंपकर हत्या करने की घटना सामने आई है.मृतक युवक की पहचान हिमांशु किशोर चिमनी के रूप में हुई है। मृतक हिमांशु चिमनी और आरोपी मानव जुमनाके के बीच करीब डेढ़ महीने पहले इंस्टाग्राम पर पोस्ट की गई एक स्टोरी को लेकर विवाद हुआ था.हिमांशु और उसके दो दोस्त विवाद सुलझाने गए थे. जहां मानव जुमनाके और हिमांशु चिमने के बीच कहासुनी हो गई। फिर मानव जुमनाके ने हिमांशु को पकड़ लिया और अनिकेत जुमनाके ने चाकू से हिमांशु की गर्दन और छाती पर वार करके उसे मौत के घाट उतार दिया। पुलिस से मिली जानकारी नूसार यह हत्या इंस्टाग्राम पर "बाप तो बाप ही रहेंगे" वाली पोस्ट डालने के बाद की गई। इस हत्या ने हिंगणघाट शहर में हड़कंप मचा दिया है।

मृतक हिमांशु और मानव के बीच इंस्टाग्राम पर सबसे ज्यादा लाइक कौन पाता है, ये देखने के लिए बॅटल हुई थी... इसमें मृतक हिमांशु चिमने जीत गया.. सोशल मीडिया पर से विवाद हुआ. बहस बढ़ गई.. और आरोपी मानव को बुलाकर उससे मिलने गया और दोनों के बीच बाता बाता छिड़ गई.. आरोपी मानव और उसके भाई अनिकेत ने मृतक की चाकू घोंपकर हत्या कर दी. इस घटना में मानव जुगनाके को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है और घायल अनिकेत जुगनाके हिरासत में है। संदिग्धों को अदालत में पेश किया गया और तीन दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया गया। हिमांशु की इंस्टाग्राम पर बॅटल "बाप तो बाप रहेगा" की लड़ाई में जान चली गई।

# अवैध शराब बिक्री वाले दो स्थानों पर की छापेमारी

**हिंगनघाट.** शहर पुलिस स्टेशन की स्थानीय अपराध शाखा की टीम ने शनिवार रात करीब 7 बजे इंदिरा गांधी वार्ड और महात्मा फुले वार्ड दो स्थानों पर अवैध शराब बेचने वालों के खिलाफ कार्रवाई की और 21,250 रुपये का माल जब्त किया। इस दौरान पुलिस ने इंदिरा गांधी वार्ड से 5,050 रुपए की शराब और महात्मा फुले वार्ड से 16,200 रुपए की शराब जब्त की। यह कार्रवाई थानेदार मनोज गबने के मार्गदर्शन में स्थानीय अपराध शाखा की टीम के प्रशांत ठोंबरे मनोज धात्रक और विवेक वाकड़े ने की। इस संबंध में हिंगनघाट पुलिस थाने में मामला दर्ज किया गया है।



# सुखद परीक्षाओं के लिए सकारात्मकता की आवश्यकता : अग्निहोत्री



**वर्धा.**

पंडित शंकर प्रसाद अग्निहोत्री ने कहा कि तनाव और सुखद परीक्षाओं के लिए उचित योजना और सकारात्मकता की आवश्यकता है। वे गांधी सिटी पब्लिक स्कूल वर्धा द्वारा आयोजित परीक्षा पे चर्चा इस कार्यक्रम में बोल रही थे. कार्यक्रम का आयोजन 10 फरवरी, 2025 को गांधी सिटी पब्लिक स्कूल रामनगर वर्धा में किया गया था। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता स्कूल के प्रिंसिपल पंडित शंकर प्रसाद अग्निहोत्री ने की। प्रिया मिश्रा, स्कूल के प्रशासनिक अधिकारी अभिजीत रघुवंशी, उप प्रधानाचार्य विलास देशमुख इस अवसर पर मौजूद थे।

भारत सरकार के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम को लाईव्ह रूप से दिखाया गया था. जिसमें छात्रों ने अपने सुप्त गुणों को प्राथमिकता देने के लिए, तनाव से दूर रहने के तरीके चर्चा से सीखे। बच्चे समय के महत्व को जाने, इस तरीके से उनको मार्गदर्शन किया गया.

# सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा

**गोंदिया.** लगभग 3 एकड़ सरकारी जमीन पर ग्राम के ही प्रभावशाली व्यक्ति द्वारा अतिक्रमण किया जा रहा हैं. जिसे रोकने और अवैध कब्जा हटाने के लिए ग्राम पंचायत द्वारा कोई कारगर कार्रवाई ना करना तथा शिकायत करने के बावजुद राजस्व विभाग द्वारा इस ओर ध्यान ना देना संदेहजनक हैं तथा इनकी मिलिभगत से यह कब्जा किए जाने का आरोप ग्राम पंचायत काटी के नागरिकों द्वारा लगाया जा रहा हैं. उल्लेखनीय है की यहा के निवासियों ने 1 वर्ष पूर्व जिलाधीश, जिप के सीईओ, एसडीओ, ग्राम पंचायत सहित संबंधित सभी अधीकारियों को इसकी शिकायत दी. शिकायत में कहा की असाटी नामक प्रभावशाली व्यक्ति द्वारा खरीदी गई खेती की जमीन से लगकर ही लगभग 3 एकर सरकारी जमीन पर अवैध ढंग से अतिक्रमण किया जा रहा हैं तथा इस जमीन को समतल बनाने के लिए दो वर्ष पूर्व अदानी सयंत्र की राख डाली गई. जिससे इसके इर्द- गिर्द रहने वाले निवासियों के कुएं व बोअरवेल का पानी दुषित होकर पेयजल की समस्या निर्माण हुई हैं. इतना ही नहीं तो इस जमीन पर बना हुआ ग्राम पंचायत के पेशाब घर को भी जेसीबी से तोड़ दिए जाने के बावजुद ग्रामपंचायत मुकदर्शक बनी रही. काटी के निवासियों ने ग्रामपंचायत और प्रशासन को बार -बार दिए निवेदनों की अनदेखी कर अतिक्रमणकर्ता को पक्का निर्माणकार्य करने की दी गई खुली छुट असंतोष व्यक्त कर सरकारी जमीन को अतिक्रमण मुक्त कर निवासियों को हो रही परेशानियों से छुटकारा दिलाने, लोकेश धकाते सहित अनेकों संतप्त नागरिकों ने ग्रामपंचायत कार्यालय काटी के समक्ष बेमियादी धरना आंदोलन शुरू करने की चेतावनी दी है.

# भारत विद्यालय, वेला के छात्रों की सफलता



**हिंगणघाट.**

महाराष्ट्र राज्य परीक्षा परिषद, पुणे द्वारा राष्ट्रीय आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के कक्षा 8 के विद्यार्थियों के लिए आयोजित परीक्षा में भारत विद्यालय, वेला की 2 छात्राएं श्रुतिका जयेश मून और पूनम विलास नरंजे उर्तीण हुई है उमाकांत तिमांडे ने इस परीक्षा के लिए मार्गदर्शन दिया।

विद्यार्थियों का प्रोग्रेसिंव्ह शिक्षण सोसायटी, हिंगणघाट संगठन के अध्यक्ष गोकुलदासजी राठी, सचिव रमेश धारकर, उपाध्यक्ष श्याम भीमनवार, प्राचार्य चं. ज्ञा खडतकर के साथ-साथ शिक्षण एवं गैर-शिक्षण स्टाफ ने उन्हें बधाई दी।

# एसटी बसों का वर्ष में चार बार निरीक्षण

**गोंदिया.** पिछले कुछ दिनों में एसटी बस दुर्घटनाओं में वृद्धि हुई है. सवाल यह उठ रहा है कि इस दुर्घटना में दोषी कौन है, चालक या बस में तकनीकी खराबी. हालांकि, बसों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए, राज्य में एसटी निगम के सभी विभाग साल में चार बार विशेषज्ञों द्वारा एसटी बसों का गहन निरीक्षण करते हैं. सुरक्षा कारणों से, एसटी बसों का साल में चार प्रकार से निरीक्षण किया जाता है. इसलिए एसटी यात्रा सुरक्षित मानी जाती है. आज भी आम जनता में एस.टी. के प्रति गहरी आस्था है. लालपरी को विश्वास है कि यात्रि इंतजार करेंगे और वह एसटी से ही यात्रा करेंगे. लालपारी बसों का सुरक्षित संचालन सुनिश्चित करने के लिए नियमित रूप से निरीक्षण किया जाता है. यदि कोई खराबी पाई जाती है तो उसे तुरंत ठीक कर दिया जाता है और बस को यात्रा के लिए डिपो से मुक्त कर दिया जाता है. एसटी का रखरखाव और मरम्मत एसटी निगम डिपो के कार्यशालाओं के कर्मचारियों के साथ-साथ शहर के प्रमुख कार्यशालाओं के कर्मचारियों द्वारा की जाती है. वहीं, दैनिक लॉक शीट प्राप्त करने के बाद कम से कम 400 से 450 किलोमीटर की यात्रा करने वाली बसों का डिपो पहुंचने पर निरीक्षण किया जाता है और जो भी मरम्मत की आवश्यकता होती है, उसे किया जाता है. सभी चार निरीक्षणों के दौरान, एसटी के रेडिएटर पानी, ब्रेक लाइनर, इंजन स्तर, स्प्रिंग्स, स्टीयरिंग प्ले आदि के साथ-साथ विद्युत उपकरणों की भी जांच की जाती है.

# सामाजिक स्वास्थ्य सेवा 15 दिवसीय शिविर का आयोजन

## विभिन्न बीमारियों की होगी जांच

**वर्धा.**

महात्मा गांधी आरोग्य संस्थान सेवाग्राम कस्तूरबा दवाखाना सेवाग्राम की ओर से पंद्रह दिवसीय सामाजिक स्वास्थ्य सेवा शिविर धामणगाव वाथोड़ा में शुरू हुआ है. वर्धा जिला परिषद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी जितिन रहमान, कस्तुरबा आरोग्य मंडल के सचिव डॉ.बी.एस.गर्ग, डीन डॉ.ए.के. शुक्ला, सुपरिटेंडेंट डॉ. पूनम वर्मा धामनगाव वाथोडा, सरपंच रेशमा प्रफुल राव कुचेवार, जिला परिषद सदस्य सुनीता चांदूरकर, सामुदायिक वैद्यक विभाग के प्रभारी सुबोध गुप्ता, सामुदायिक चिकित्सा विभाग के प्रमुख डॉ. अनुज मुंदडा की उपस्थिति में 8 को चार बजे सामाजिक स्वास्थ्य सेवा शिविर का दीपप्रज्वलन करके उद्घाटन किया गया.यह सामाजिक स्वास्थ्य शिविर के लिए प्रफुल्ल कुचेवार, पुलिस पाटिल प्रियाताई नागोसे, कमलाकर नेहारे, किरण क्लिनिक समिती वं.राष्ट्रसंत तुकडोजी महाराज विचार मंच धामनगाव वाथोडा के निवासी भी सहकार्य कर रहे है. सेवाग्राम अस्पताल के सामान्य कार्यकर्ता, एन.एम. सिस्टर सामाजिक स्वास्थ्य देखभाल शिविर सफल बनाने के लिए कड़ी मेहनत कर रहे है. संचालन डॉ.अभिषेक राऊत ने किया.डॉ. अनुज मुंदडा ने धन्यवाद दिया. कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान से हुआ.



### 8 को दीप प्रज्वलन करके उद्घाटन किया गया

हेडमास्टर भगवान मेश्राम, जिला परिषद उच्च प्राइमरी स्कूल के बैंड में, मेहमानों का विशेष रूप से स्वागत किया. पंद्रह दिन एमबीबीएस के विद्यार्थी 15 दिवसीय शिविर में बीमारियों की जांच,ग्राम स्वच्छता अभियान, सहजीवन मेला,आरोग्यमय स्पर्धा, जनजागृती रैली किशोरी मेलावा, सुदृढ बालक स्पर्धा, योगा शिविर में सहभागी होंगे. तथा सरपंच,आशा, अंगणवाडी सेविका, किरण क्लिनिक की विभिन्न काम विद्यार्थियों के सामने प्रस्तुत करेंगे.

# वर-वधू एवं अभिभावक परिचय सम्मेलन का आयोजन

**हिंगनघाट.**

संताजी जनसेवा मंडल हिंगनघाट की ओर से स्थानीय कालोडे हॉल में सर्वशाखा तेली समाज वर-वधू तथा अभिभावक परिचय सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाराष्ट्र प्रांतीय तैलिक महासभा के अध्यक्ष पूर्व सांसद रामदास तड़स ने की। इस समारोह के उद्घाटक महाराष्ट्र प्रांतीय तैलिक महासभा के महासचिव डॉ. भूषण कर्डिले थे। इस अवसर पर पूर्व सांसद सुरेश वाघमारे, पूर्व विधायक राजू तिमांडे, सेवानिवृत्त मुख्य अभियंता धर्मराज रेवतकर, इस अवसर अ.भा महाराष्ट्र गोवा राज्य तैलिक महासभा महाराष्ट्र के युवा कार्यकारी अध्यक्ष अतुल वांदिले, वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता नानाजी गांधारे, पूर्व नगराध्यक्ष चंद्रकांत घुसे, पंढरीनाथ कापसे, मिलिंद भेंडे, वामनराव खोडे, संयोजक चंद्रकांत वाढई आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम का शुभारंभ संत शिरोमणि जगनाडे महाराज की प्रतिमा का पूजन एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। इस अवसर पर वर-वधू एवं माता-पिता परिचय पुस्तिका 'गुफन' का विमोचन अतिथियों द्वारा किया गया। अपने उद्घाटन भाषण में डॉ. कर्डिले ने कहा कि समुदाय को आत्मसम्मान के साथ रहना चाहिए और असहाय होकर राजनीतिक नेताओं का अनुसरण नहीं करना चाहिए।



इस पर अपील की गई। महाराष्ट्र में समुदाय के सदस्यों की बड़ी संख्या होने के बावजूद, राज्य की राजनीति में उनकी उपस्थिति नाममात्र की है। इस अवसर पर उन्होंने खेद भी व्यक्त किया। पूर्व सांसद वाघमारे ने विचार व्यक्त किया कि धनी व्यक्तियों के लिए यह आवश्यक है कि वे समाज के कमजोर वर्गों के उत्थान में योगदान दें। वांदिले ने कहा कि समाज आर्थिक और सामाजिक रूप से प्रगति कर रहा है, लेकिन राजनीतिक रूप से यह अभी भी पिछड़ा हुआ है। ऐसा खेद व्यक्त किया गया। अपने अध्यक्षीय भाषण में पूर्व सांसद तडस ने कहा कि आधुनिक समय में ऐसा लगता है जैसे शादियों पर अत्यधिक खर्च करने की होड़ सी चल रही है। हालाँकि, मध्यम वर्ग और सभी साधारण परिवारों पर दबाव बढ़ रहा है। इसलिए, शादी समारोह के दौरान होने वाले अनावश्यक खर्चों से बचना चाहिए। इस पर अपील की गई। इस कार्यक्रम के लिए 400 से अधिक उपवर वधु ने पंजीकरण कराया और मंच से अपना परिचय दिया। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में वर-वधू के माता-पिता तथा समुदाय के सदस्य उपस्थित थे। परिचयात्मक प्रा. संदीप रेवतकर एवं संचालन प्रा. किरण वैद्य किया एंवम माधुरी विहिरकर ने उपस्थित लोगों का आभार व्यक्त किया कार्यक्रम के आयोजन में समुदाय के भाई-बहनों ने बहुमूल्य सहयोग प्रदान किया।

# 'स्वच्छ भारत मिशन ने बचाई तीन लाख बच्चों की जान'

**नई दिल्ली.**

विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) की रिपोर्ट के अनुसार सरकार के स्वच्छ भारत मिशन के तहत उठाए गए कदमों से देश में तीन लाख बच्चों की जान बचाई गई है। जल शक्ति मंत्री सीआर पाटिल सोमवार को राज्यसभा में यह जानकारी दी।

मंत्री ने बताया कि सरकार की खुले में शौच से मुक्ति (ओडीएफ) की नीति के तहत देशभर में करीब 12 करोड़ शौचालय बनाए गए हैं और अब तक 60 करोड़ लोगों को इस



योजना का लाभ मिला है। राज्यसभा में प्रश्नकाल के दौरान जल शक्ति मंत्री ने बताया कि इस योजना ने न केवल स्वच्छता सुनिश्चित की है, बल्कि महिलाओं की सुरक्षा भी बढ़ाई, क्योंकि अब महिलाओं को खुले में शौच जाने के लिए शाम तक इंतजार नहीं करना पड़ता।

**अब तक बनाए जा चुके 12 करोड़ शौचालय**

पहले पांच वर्षों में दस करोड़ शौचालय बनाए गए थे। दूसरे चरण में दो करोड़ और शौचालयों का निर्माण किया गया। अब तक कुल 12 करोड़ शौचालय बन चुके हैं। इस योजना से कुल 60 करोड़ लोग लाभान्वित हुए हैं। पाटिल ने यह भी कहा कि स्वच्छ भारत अभियान और ओडीएफ नीति एक निरंतर प्रक्रिया है और इसे आगे बढ़ाने के लिए केंद्र राज्य सरकारों के साथ मिलकर काम कर रहा है।

# सीईआरएसएआई ने जागरूकता कार्यक्रम किया आयोजित

**मोहाली.**

भारत के अग्रणी निजी क्षेत्र के बैंकों एचडीएफसी बैंक और भारत सरकार की कंपनी सेंट्रल रजिस्ट्री ऑफ सिक्योरिटाइज़ेशन एसेट रिकंस्ट्रक्शन एंड सिक्योरिटी इंटरेस्ट (सीईआरएसएआई) ने सेंट्रल केवाईसी रिकॉर्ड रजिस्ट्री (सीकेवाईसीआरआर) पर एक दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस कार्यक्रम का उद्देश्य 'अपने ग्राहक को जानें' (केवाईसी), 'एंटी मनी लॉन्ड्रिंग' (एएमएल) और सीकेवाईसीआरआर पर उपलब्ध केवाईसी डेटा के उपयोग और सीकेवाईसीआर डेटा का उपयोग करते समय अपनाई जाने वाली प्रक्रिया के बारे में व्यापक जानकारी प्रदान करना था, जिससे एक सुरक्षित और पारदर्शी वित्तीय पारिस्थितिकी तंत्र का निर्माण हो और वित्तीय संस्थानों को धोखाधड़ी और संपत्ति के दोहराव के जोखिम से बचाया जा सके।

कार्यक्रम में पूरे भारत के निजी, सार्वजनिक और सहकारी बैंकों तथा एनबीएफसी के 100 से



अधिक वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया, जिनमें भारत सरकार, वित्त मंत्रालय, भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई), फायनेंसियल इंटेलिजेंस यूनिट, सीईआरएसएआई तथा एचडीएफसी बैंक के वरिष्ठ अधिकारी शामिल थे। एचडीएफसी बैंक के कार्यकारी निदेशक श्री भावेश जावेरी ने सीईआरएसएआई के विकास पर बात की जो पिछले कुछ वर्षों में डेटा तथा ग्राहकों के केवाईसी दस्तावेजों का एकल बिंदु भंडार बन गया है। संगठन के पास वर्तमान में 7,000 से अधिक रिपोर्टिंग संस्थाएं पंजीकृत हैं, जो लगभग 100 करोड़ ग्राहकों को कवर करती हैं, जिसका लाभ सभी रिपोर्टिंग संस्थाओं द्वारा उठाया जा सकता है। उन्होंने 'सेंट्रल केवाईसी' (सीकेवाईसी) के उपयोग के क्षेत्र में दिए गए समर्थन के लिए आरबीआई को धन्यवाद भी दिया। सीईआरएसएआई के एमडी और सीईओ उमेश कुमार सिंह ने इस अवसर पर बात करते हुए सीईआरएसएआई को सीकेवाईसी के तहत रिकॉर्ड प्रस्तुत करने की प्रक्रिया तथा ग्राहक पहचान के लिए इसके उपयोग के बारे में जानकारी दी। उन्होंने यह भी बताया कि ग्राहक किस प्रकार मिस्ड कॉल के माध्यम से या सीईआरएसएआई की वेबसाइट से उल्लिखित चरणों का पालन करके अपना सीकेवाईसी नंबर प्राप्त कर सकते हैं। श्री सिंह ने मोहाली स्थित बैंक हाउस में यह कार्यक्रम आयोजित करने के लिए एचडीएफसी बैंक को धन्यवाद दिया। केवाईसी एएमएल पर आरबीआई के नवीनतम मास्टर निर्देश के आधार पर सीईआरएसएआई को रिकॉर्ड प्रस्तुत करने से संबंधित अन्य परिचालन मुद्दों पर भी चर्चा की गई और उन्हें स्पष्ट किया गया।

# महिला सम्मेलन में लेकुरवाले ने किया विकास पर मार्गदर्शन

**कामठी.**

मैत्र्य संख्या संगठन की अध्यक्ष व नागपुर ज़िला परिषद महिला व बाळकल्याण पूर्व सभापति प्रा. अवंतिका लेकरवाले की संकल्पना से वडोदा गांव में महिला सम्मेलन आयोजित किया गया। इस महिला सम्मेलन में समग्र विकास के लिए, जैसे कि उभरती हुई प्रतियोगिताओं में, रस्सी कूद, गुब्बारे प्रतियोगिता, रस्सिकूद, नींबू चम्मच, बॉल चरण, गीत, नृत्य, आदि स्पर्धाओं का आयोजन किया गया। विभिन्न विषयों पर महिलाओं को भी निर्देशित किया गया था। व्यक्तित्व विकास को इस मुद्दे पर निर्देशित किया गया था कि महिलाओं को आर्थिक रूप से कैसे मजबूत किया जाए।

पिछले कुछ दिनों से, रानमांगली, चिखली, परसोड़ी, भुगांव, नान्हा मांगली, झरप आदि गांवों में ऐसी




महिला सम्मेलन आयोजित की गईं।इस मौके पर मैत्र्य संख्या की अध्यक्ष व ज़िला परिषद महिला व बाळकल्याण पूर्व सभापति प्रा. अवंतिका रमेश लेकुरवाळे, कामठी पंचायत समिति की पूर्व सभापति कु.दिशा चनकापूरे, उपसभापति दिलीप वंजारी, मैत्र्य संख्या की सचिव नंदा ठाकरे, ग्रा.प. सदस्य पंकज ढोरे, मंगलमूर्ती थोटे, तारा भोयर, छाया हलमारे, छाया ढोके, रेखा जंजाळे, शिल्पा भिवगडे, सुरेखा निंबार्ते, भावना वानखेडे, सीआरपी ज्योती इंगोले, सरिता उमक, बँक सखी अल्का गंगापारी, तंटा मुक्ती अध्यक्ष सुधाकर ठवकर, नासिर शेख सहित सैकड़ों महिलाओं ने सम्मेलन में शामिल हुए।



# डीसीसी क्रिकेट क्लब देवी की टीम रही फाइनल विजेता

**सौंसर.**

कन्हान स्पोर्टिंग क्रिकेट क्लब लोधीखेड़ा द्वारा आयोजित रात्रिकालीन टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता में फाइनल विजेता डीसीसी क्रिकेट क्लब देवी की टीम रही। प्रतियोगिता समापन पर पुरस्कार वितरण कार्यक्रम में मुख्य अथिति नगर परिषद उपाध्यक्ष नंदू राय,पार्षद प्रेमराज भागवत और अन्य अतिथियों के हाथो विजेता और उपविजेता टीमों को पुरस्कृत किया गया। स्पर्धा का फाइनल मैच कन्हान सपोर्टिंग क्रिकेट टीम लोधीखेड़ा और डीसीसी टीम देवी के बिच खेला गया। देवी के टीम ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विजय हासिल की वही लोधीखेड़ा की टीम उपविजेता रही। प्रतियोगिता में विजेता,उपविजेता के अलावा अन्य पुरस्कारों का भी वितरण किया गया है। विजेता टीम के खिलाड़ी मयूर भक्ते, नितेश बरदे, ऋतिक पातुरकर, मोहित, महेंद्र ,अभिषेक मोंटू,, लक्ष्मण, चेतन, गोलू,आर्या ने फाइनल में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर अपने टीम को विजय हासिल करने में सहयोग किया।

# प्रशांत नायडू हुए सावित्रीबाई फुले पुरस्कार से सम्मानित

**कामठी.**

एकता फाउंडेशन सामाजिक संगठन द्वारा डीआरएल कंस्ट्रक्शन के संचालक व भाजपा भिलगांव के पूर्व अध्यक्ष प्रशांत नायडू को सावित्रीबाई फुले पुरस्कार से सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार उन्हें सामाजिक क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए दिया गया। एकता फाउंडेशन सामाजिक संगठन के संस्थापक अध्यक्ष डॉ. जय संजय रामटेके ने बताया एकता फाउंडेशन सामाजिक संगठन है जो कि सामाजिक, सांस्कृतिक तथा स्थापित प्रतिष्ठा प्राप्त व्यक्तियों को पुरस्कार देकर सम्मानित करता है।



# संवेदनशील परीक्षा केंद्रों पर ड्रोन कैमरों से निगरानी

## कॉपीमुक्त अभियान के लिए बोर्ड की तैयारी

**गोंदिया.**

कक्षा 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षा नकलमुक्त, भयमुक्त वातावरण में आयोजित करना आवश्यक है. इसे ध्यान में रखते हुए स्कूल शिक्षा विभाग ने नकल मुक्त अभियान को क्रियान्वित करने के लिए सभी विभागों के अधिकारियों-कर्मचारियों सहित परीक्षा बोर्ड का सहयोग लेने का निर्णय लिया है. बोर्ड ने निर्देश जारी किए हैं कि प्रत्येक परीक्षा केंद्र जो संवेदनशील या व्यवधानकारी माना जाता है, उनपर ड्रोन कैमरों से नजर रखी जाएगी.

महाराष्ट्र राज्य माध्यमिक और उच्च माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की कक्षा 12वीं की बोर्ड परीक्षाएं 11 फरवरी से 3 मार्च तक और कक्षा 10वीं की बोर्ड परीक्षाएं 21 फरवरी से 17 मार्च तक आयोजित की जाएंगी. इस परीक्षा के दौरान सभी प्रकार की नकल पर पूर्णतः प्रतिबंध लगाने के लिए नकल मुक्त अभियान चलाया जाएगा. इसके अनुसार जिला प्रशासन अब संवेदनशील परीक्षा केंद्र क्षेत्र में ड्रोन कैमरों के जरिए परीक्षा केंद्र की निगरानी रखेगा. जिला प्रशासन यह सुनिश्चित करेगा कि परीक्षा केंद्र पर एक दिन पहले आवश्यक भौतिक सुविधाएं उपलब्ध हों. जिला प्रशासन द्वारा परीक्षा केंद्र के बाहर वीडियो रिकॉर्डिंग कराई जाएगी. सभी विभागों के सरकारी अधिकारियों व कर्मचारियों के सहयोग से नकल रहित परीक्षाएं सुनिश्चित करने के लिए सभी परीक्षा केंद्रों पर उड़नदस्ते व बैठक दस्ते गठित किए गए हैं.

**सभी के लिए पहचान पत्र अनिवार्य**

परीक्षा केंद्र पर जिला प्रशासन द्वारा नियुक्त केंद्र संचालक, पर्यवेक्षक और परीक्षा से संबंधित कर्मियों का सत्यापन फेसियल रिकॉग्निशन सिस्टम के माध्यम से किया जाएगा. साथ ही, परीक्षा से संबंधित सभी संस्थाओं को विभागीय बोर्ड के माध्यम से आधिकारिक पहचान पत्र जारी किए जाएंगे.

**परीक्षा केंद्र क्षेत्र में धारा 144 लागू**

यदि परीक्षा केंद्र पर कोई अनियमितता पाई जाती है तो अनियमितता को बढ़ावा देने, सहायता करने तथा गलत मार्ग पर चलने वालों के खिलाफ व गैर-जमानती अपराध दर्ज किया जाएगा. परीक्षा अवधि के दौरान परीक्षा केंद्र के 500 मीटर के अंदर के जेरॉक्स केंद्र बंद रहेंगे तथा संबंधित परीक्षा केंद्र के क्षेत्र में धारा 144 लागू रहेगी.

| शुभांक | | |
|---|---|---|
| श्रीदेवी | 360-9 | 789-4 |
| श्रीदेवी नाईट | 136-0 | 167-4 |
| प्रभात | 355-3 | 455-4 |
| प्रभात नाईट | 237-2 | - |
| डायमंड | 260-8 | 157-3 |
| मेन बाजार | 269-7 | - |
| मिलन डे | 789-4 | 568-9 |
| मेन रतन | 336-2 | 890-7 |
| कल्याण | 359-7 | 470-1 |
| राजधानी डे | 224-8 | 359-7 |
| राजधानी नाईट | 690-5 | - |
| कुबेर डे | - | - |
| डायमंड नाईट | 128-1 | 278-7 |

# जीवनसाथी चुनने सम्मेलन में 184 युवक-युवतियों ने दिया परिचय

**सौंसर.**

वर्तमान परिवेश में समाज में ऐसे परिवारिक बौद्ध युवक युवती सम्मेलनों की अत्यंत आवश्यकता है। ऐसे सम्मेलनों के माध्यम से ही विवाह योग्य युवक यूवतियों को लेकर पांलकगण एक स्थान पर उपस्थित होकर अपने बच्चों के लिए जीवनसाथी चुनते हैं। पिछले 23 सालों से बौद्ध नवयुवक युवती परिचय सम्मेलन समिति द्वारा किये जा रहे आयोजन अति प्रशंसनीय है। उपरोक्त उदद्दार नगर के गजानन मंगल कार्यालय में रमाबाई अंबेडकर के जन्मदिवस पर आयोजित पारिवारिक बौद्ध युवक युवति परिचय सम्मेलन में समाजसेवी श्रीमती सुनंदा वासे ने व्यक्त किये।

कार्यक्रम का शुभारंभ रमाई एकल नाटक के साथ किया। जिसमें रमाबाई अंबेडकर की भूमिका श्रीमती विमल भगत ने समाज को एकजुट होकर डॉ बाबा साहब के अधूरे कार्य को पूरा करने की अपील की। कार्यक्रम में समिति जन्मदाता डॉ अशोक भगत, मार्गदर्शन मुरलीधर कामले के द्वारा 2002 से अब तक किए जा रहे आयोजनों के संबंध में जानकारी दि। कार्यक्रम अध्यक्षता ऋषिनाथजी नागदवने ने की।

आयोजन में मंच पर चंद्रभान बागडे, सहादेवराव गोडबोले,दिलीप बागड़े, लष्मीदास बोरकर,रेखा गजभिये,देवेंद्र बागड़े,प्रेमराज गजभिये, रामकृष्ण गजभिए, मिलिद बंसोड़ के द्वारा परिचय पुस्तिका नई पहल भाग 2 का विमोचन किया गया। कार्यक्रम का संचालन समिति अध्यक्ष मुकेश बागड़े ने किया। आयोजन के दौरान श्रीमती नीता बागडे, सुनीता चारे, मंजूषा बागड़े,रजनी गोडबोले,ललिता साखरे,के द्वारा बुद्ध बाबा साहब रमाई के जीवन पर आधारित गीतों की प्रस्तुतियां देकर तालियां बटोरी।

**25 परिवारों को किया समाज भूषण अवार्ड से सम्मानित**

आयोजन के दौरान तथागत धम्म प्रकल्प समिति जाखिवाड़ा ओर आयोजक समिति की ओर से सौसर पांढुर्णा छिंदवाड़ा नागपुर में सामाजिक धार्मिक क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 25 परिवारों को समाज भूषण अवार्ड से सम्मानित किया गया। जिसमें ऋषिनाथजी नागदवने, लीलाबाई बाबारावजी,चंद्रभान बागड़े,डॉ यादवराव ठवरे, सीमा गेडाम, एस.आर.शेंडे, डॉ श्वेता चंद्रशेखर गजभिए, प्रवीण सनेसर नीता संदीप बागडे, गरिमा डॉ प्रमोद तेलंगे,चंदू सनेसर,प्रमोद नागले,आकाश पाटील,डॉ आकाश प्रहलाद ढोके,सुरेश पासवान,रत्नमाला पिसे, डॉ डी. के.इंदोरकर,शंकर ढोके, मधुकर गोलाइत, आदि का समावेश था। आयोजन की सफलता के लिए समिति अध्यक्ष मुकेश बागड़े, उपाध्यक्ष एड,सरोज दुफारे,डॉ राहुल वाहने, राजेश बागड़े,डॉ राहुल वाहने,सचिव मिलिद बंसोड़,कोषाध्यक्ष सिद्धार्थ सोमकुंवर,कुडलिक पगारे,अरविंद बंसोड़,विजय नागदवने,सतीश बंसोड़,कैलाश गजभिए,विश्वनाथ रंगारे,जिलेशा गजभिये,मंजुश्री कामले,मयूर गजभिये,आदि थे।

# एसटी बसों का वर्ष में चार बार निरीक्षण

**गोंदिया.**

पिछले कुछ दिनों में एसटी बस दुर्घटनाओं में वृद्धि हुई है. सवाल यह उठ रहा है कि इस दुर्घटना में दोषी कौन है, चालक या बस में तकनीकी खराबी. हालांकि, बसों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए, राज्य में एसटी निगम के सभी विभाग साल में चार बार विशेषज्ञों द्वारा एसटी बसों का गहन निरीक्षण करते हैं.

सुरक्षा कारणों से, एसटी बसों का साल में चार प्रकार से निरीक्षण किया जाता है. इसलिए, एसटी यात्रा सुरक्षित मानी जाती है. आज भी आम जनता में एस.टी. के प्रति गहरी आस्था है. लालपरी को विश्वास है कि यात्रि इंतजार करेंगे और वह एसटी से ही यात्रा करेंगे. लालपारी बसों का सुरक्षित संचालन सुनिश्चित करने के लिए नियमित रूप से निरीक्षण किया जाता है. यदि कोई खराबी पाई जाती है तो उसे तुरंत ठीक कर दिया जाता है और बस को यात्रा के लिए डिपो से मुक्त कर दिया जाता है. एसटी का रखरखाव और मरम्मत एसटी निगम डिपो के कार्यशालाओं के कर्मचारियों के साथ-साथ शहर के प्रमुख कार्यशालाओं के कर्मचारियों द्वारा की जाती है. वहीं, दैनिक लॉक शीट प्राप्त करने के बाद कम से कम 400 से 450 किलोमीटर की यात्रा करने वाली बसों का डिपो पहुंचने पर निरीक्षण किया जाता है और जो भी मरम्मत की आवश्यकता होती है, उसे किया जाता है.

**इन उपकरणों का किया गया निरीक्षण**

सभी चार निरीक्षणों के दौरान, एसटी के रेडिएटर पानी, ब्रेक लाइनर, इंजन स्तर, स्प्रिंग्स, स्टीयरिंग प्ले आदि के साथ-साथ विद्युत उपकरणों की भी जांच की जाती है. बस के लिए हर साल आरटीओ से फिटनेस प्रमाण पत्र प्राप्त करना पड़ता है. इसलिए सेंट्रल वर्कशॉप में बस की पूरी जांच की जाती है, जिसमें चेसिस, इंजन और इलेक्ट्रिकल उपकरण शामिल हैं. अगर कोई खराबी पाई जाती है तो उसे ठीक करके बस को पासिंग के लिए आरटीओ भेजा जाता है. मानसून से पहले, एसटी मौसम पट्टियों, वाइपर, बैटरी जांच और लाइटों का निरीक्षण और मरम्मत की जाती है.

# मजलिस अपनी लड़ाई जारी रखेगी: असदुद्दीन ओवैसी

**नई दिल्ली.**

दिल्ली विधानसभा चुनाव में ऐआईएमआईएम के चीफ असदुद्दीन ओवैसी ने अपनी पार्टी से दो उम्मीदवारों को चुनावी मैदान में उतारा था। असदुद्दीन ओवैसी ने मुस्लिम बहुल सीट ओखला से शिफा उर रहमान खान को और मुस्तफाबाद से ताहिर हुसैन को टिकट दिया था। इन दोनों सीटों पर ओवैसी को कामयाबी नहीं मिली। दोनों ही सीटों पर इनकी पार्टी के उम्मीदवार तीसरे स्थान पर रहे। अब चुनाव नतीजे को लेकर असदुद्दीन ओवैसी का बयान आया है।

ओखला और मुस्तफाबाद की जनता का शुक्रिया अदा करते हुए असदुद्दीन ओवैसी ने कहा, "मजलिस अपनी लड़ाई जारी रखेगी।" ओवैसी ने ताहिर हुसैन, शिफा उर रहमान और अन्य लोगों की रिहाई के लिए दुआ करने की बात कही, जो पिछले 5 सालों से जेल में बंद हैं। दोनों दिल्ली दंगे के आरोपी हैं। इसके अलावा ऐआईएमआईएम चीफ ने सेक्युलर पार्टियों को भी निशाना बनाया।

# पूर्व वित्त मंत्री चिदंबरम ने सरकार पर साधा निशाना

## कहा- राजनीति से प्रेरित है केंद्रीय बजट

**नई दिल्ली.**

कांग्रेस नेता और पूर्व केंद्रीय वित्त मंत्री पी चिदंबरम में सोमवार को राज्यसभा में केंद्रीय बजट को लेकर सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि केंद्रीय बजट 2025-26 राजनीति से प्रेरित था।

इसे दिल्ली चुनाव को ध्यान में रखकर बनाया गया था। साथ ही बजट में गरीब और निचले तबके लोगों की अनदेखी की गई। उन्होंने केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण पर पूंजीगत व्यय और राज्यों के अनुदान में कटौती करके राजकोषीय घाटे को पूरा करने का आरोप लगाया। साथ ही इसे खराब अर्थशास्त्र करार दिया।

पूर्व केंद्रीय वित्त मंत्री ने कहा कि बजट के पीछे एक तत्व होता है, लेकिन वह तत्व और दर्शन इस बजट में नजर नहीं आया। बजट के भाषण और आंकड़ों से स्पष्ट है कि इसमें कोई तत्व नहीं है। उन्होंने कहा कि यह साफ है कि बजट पूरी तरह से राजनीति से प्रेरित था। मैं इस बारे में विस्तार से बात नहीं करना चाहूंगा, लेकिन मैं वित्त मंत्री को इसलिए बधाई दूंगा क्योंकि उन्होंने अपने एक उद्देश्य को पूरा किया।



**पूंजीगत व्यय में 92686 करोड़ की कटौती की**

चिदंबरम ने कहा कि उन्होंने 4.8 फीसदी कैसे प्राप्त किया? उन्होंने केंद्र सरकार के पूंजीगत व्यय में 92686 करोड़ की कटौती की। राजस्व खर्चे नहीं उन्होंने पूंजीगत संपत्ति बनाने के लिए राज्यों को दिए जाने वाले अनुदान में 90887 रुपये की कटौती की। इस हिसाब से केंद्र और राज्यों में पूंजीगत व्यय में 183568 करोड़ की कटौती की। पूंजीगत व्यय में कटौती करके उन्होंने राजकोषीय घाटे में 43785 करोड़ रुपये की बचत की। पूंजीगत खर्च में कटौती की बात समझ आती है.

# हरिनाम सप्ताह समापन पर उमड़ा श्रद्धालुओं का जनसैलाब






**> महाप्रसाद का वितरण**

**सौंसर.**

नगर में आयोजित अंखड हरिनाम सप्ताह में गोपाल काला का धर्मलाभ और विठ्ठल मंदिर में श्रीमूर्ति के दर्शन करने श्रद्धालुओं का जन सैलाब उमड़ पडा था। महात्मा ज्योतिबा फुले सांस्कृतिक सभागृह में आयोजित गोपाल काला कीर्तन में दहिलाही की मटकी फूटते ही गोपाल काला गोड झाला और जय हरि विठ्ठल के जयघोष से आयोजन स्थल भक्तिमय हो गया था। रविवार की सुबह हुए गोपाल काला कीर्तन में हभप डॉक्टर जलाल महाराज सैय्यद ने गोपाला काला का महत्व बताया, कहां कि हरिनाम सप्ताह महोत्सव में गोपाल काला का विशेष महत्व है। महाराज ने भगवान कृष्ण की बाल लीलाओं के विविध प्रसंगों को बताया और कहां कि मनुष्य जीवन में संतो का भी विशेष महत्व है। मनुष्य ही एकमात्र प्राणी है जो मोक्ष प्राप्त कर सकता है,जो संतों की संगत करेगा वही भगवान के श्री चरणों को प्राप्त कर सकता है। मानव जीवन में सत्कर्म व सत्य के मार्ग पर चलने से ही समाज को नई दिशा मिलती है। आयोजन संस्थान की और से हरिनाम सप्ताह में हिस्सा लेने वाले हरिभक्त महाराज और आयोजन को संपन्न कराने में सहयोग करने वाले वारकरी अनुयायियों का सम्मान किया। गोपाल काला कीर्तन के बाद देर रात तक श्रद्धालु और नागरिकों ने महाप्रसाद वितरण का धर्मलाभ लिया।

हरिनाम सप्ताह समापन के एक दिन पूर्व शनिवार की शाम को नगर में भव्य शोभायात्रा और रिंगन उत्सव का आयोजन हुआ। आयोजन स्थल से निकली पालकी शोभायात्रा में नगर के अलावा ग्रामीण क्षेत्रों से पहुंची भजन और डिंडी मंडल की प्रस्तुतियों से नगर भक्तिमय हो गया था। शोभायात्रा का जगह जगह स्वागत हुआ। शहर के गोल बाजार में आयोजित रिंगन उत्सव में हरिभक्तों की प्रस्तुति आकर्षण का केंद्र रही.